

# वरिष्ठ कांग्रेसियों के लिए अब कार्यक्रमों में जगह नहीं!

**लोहारदा।** कहते हैं कि जब कुछ घर में बुजुर्गों के लिए जगह कम पड़ने लगे तो उन्हें वृद्धाश्रम का रास्ता दिखा दिया जाता है। अब लोहारदा की कांग्रेस में भी कुछ ऐसा ही राजनीतिक सवाल उठ रहा है। जिला से लेकर ब्लॉक स्तर तक नई कार्यकारिणी के गठन के बाद पुराने और वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ताओं की नाराजगी की चर्चा अब बंद कमरों से निकलकर सोशल मीडिया और सार्वजनिक चर्चाओं तक पहुंचती दिखाई दे रही है।

कभी जिन वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को कांग्रेस की रीढ़ कहा जाता था, आज वही कार्यकर्ता कार्यक्रमों की सूची में जगह तलाशते नजर आ रहे हैं। हाल ही में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कांटाफोड़ द्वारा पदाधिकारियों को उनके दायित्वों के नियुक्ति प्रमाण-पत्र प्रदान करने और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने के लिए लोहारदा में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। लेकिन चर्चा इस बात की है कि इस कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष, पूर्व नगर अध्यक्ष सहित कुछ वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मौजूदगी नहीं रही। बताया जा रहा है कि कुछ पुराने कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम की सूचना ही नहीं मिली। इससे सवाल उठ रहा है कि नई कांग्रेस ने पुरानी कांग्रेस को 'पुराना मॉडल' समझकर किनारे तो नहीं कर दिया? जिन चेहरों ने वर्षों तक पार्टी के लिए काम किया, वे ही बैठक में दिखाई नहीं दिए। अब राजनीतिक गलियारों में सवाल है—बैठक नई थी या कांग्रेस भी नई हो गई?

**अब असली सवाल—कांग्रेस एक है या दो?**– लोहारदा में जिस तरह से पुराने और नए कार्यकर्ताओं के बीच दूरी की चर्चा हो रही है, उससे आने वाले समय में कांग्रेस की राजनीति पर इसका असर पड़ना तय माना जा रहा है। फिलहाल स्थिति कुछ ऐसी दिखाई दे रही है। एक तरफ नई कांग्रेस, दूसरी तरफ पुरानी कांग्रेस। एक तरफ नई कार्यकारिणी, दूसरी तरफ पुराने कार्यकर्ता और बीच में जनता यह सोच रही है कि आखिर वोट किस कांग्रेस को दे—असली वाली को या ओरिजिनल वालों को? हालांकि कांग्रेस के अंदर की यह खींचतान अभी चर्चा और नाराजगी तक सीमित है, लेकिन यदि समय रहते वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को साथ नहीं लिया गया तो यही नाराजगी आगे चलकर गुटबाजी का रूप ले सकती है।

### जिन्होंने जवानी पार्टी को दी, उन्हें अब जगह कौन देगा?

सबसे गंभीर सवाल उन वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को लेकर है जिन्होंने अपनी जवानी कांग्रेस को समर्पित कर दी। वर्षों तक पार्टी के झंडे उठाए, चुनावों में मेहनत की, संगठन खड़ा किया और पार्टी के उतार-चढ़ाव में साथ खड़े रहे, लेकिन अब जब संगठन में नई पीढ़ी को जिम्मेदारियां मिली हैं तो पुराने कार्यकर्ताओं को वह सम्मान और तवज्जो नहीं मिल रही, जिसकी वे उम्मीद करते हैं। राजनीति में पीढ़ी परिवर्तन स्वाभाविक है, लेकिन पीढ़ी परिवर्तन और पुरानी पीढ़ी को पूरी तरह भुला देना—इन दोनों में फर्क होता है। कांग्रेस के सामने असली चुनौती यही है कि वह नई ऊर्जा को आगे बढ़ाते हुए पुराने कार्यकर्ताओं के अनुभव को साथ लेकर चले। क्योंकि जिस पेड़ की जड़ें पुरानी हों, उसकी नई शाखाएं तभी मजबूत होती हैं जब जड़ों को पानी मिलता रहे।

### 'असली कांग्रेस' और 'नकली कांग्रेस' ने बढ़ाया सस्पेंस

मामला सिर्फ बैठक तक सीमित नहीं है। सोशल मीडिया पर भी अब 'असली कांग्रेस' और 'नकली कांग्रेस' जैसे शब्द दिखाई देने लगे हैं। सोशल मीडिया पर कांग्रेस के ही संदर्भ में 'असली', 'नकली' और 'ओरिजिनल कांग्रेस' जैसे शब्दों का इस्तेमाल चर्चा में आया। पूर्व मंत्री अरुण यादव के लोहारदा आगमन के दौरान स्वागत से जुड़ी एक पोस्ट में भी 'ओरिजिनल कांग्रेस' शब्द दिखाई दिया।

# ऑपरेशन त्रिनेत्रम में पुलिस ने दो नकबजनी का किया खुलासा




**भौंरासा।** नकबजनी के दो मामलों का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। साथ ही एक आरोपी को गिरफ्तार भी किया है। ऑपरेशन त्रिनेत्रम के तहत लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से पुलिस आरोपियों तक पहुंच सकी है। देवास एसपी पुनीत गेहलोद के निर्देशन में ऑपरेशन त्रिनेत्रम के तहत तकनीकी साक्ष्यों एवं सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से अपराधियों की पहचान कर प्रभावी कार्रवाई लगातार की जा रही है।

इसी क्रम में थाना भौंरासा क्षेत्र में हुई दो अलग-अलग नकबजनी की घटनाओं का थाना भौरासा पुलिस द्वारा सफलतापूर्वक खुलासा किया गया है। 29 जुलाई को फरियादी लोकेश चौहान पिता बाबूलाल चौहान, निवासी वार्ड 15, लक्ष्मीबाई मार्ग, भौंरासा ने रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि अज्ञात बदमाश उसके घर का ताला तोड़कर घर में रखे करीब 50 हजार रुपए कीमत के आभूषण चोरी कर ले गए हैं। दूसरे मामले में 1 अगस्त को फरियादी सुनील नागौरी पिता रामचंद्र, निवासी वार्ड क्रमांक 15, भौरासा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि अज्ञात बदमाश उसके घर का ताला तोड़कर अलमारी में रखे करीब 55 हजार रुपए कीमत के सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर ले गए हैं। पुलिस ने कार्रवाई कर आरोपी कुलदीप पिता मेहरबान सिंह मालवीय, निवासी भौरासा और अन्य को गिरफ्तार किया है। चोरी गया कुछ सामान भी जब्त किया है।

एक नजर में

## सीबीएसई क्लस्टर-12 कबड्डी टूर्नामेंट का समापन




**देवास।** पायोनियर पब्लिक स्कूल में 6 से 9 अगस्त तक आयोजित चार दिवसीय सीबीएसई क्लस्टर-12 बालिका कबड्डी टूर्नामेंट का रविवार को समापन हुआ। प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों की बालिका टीमों ने खेल कौशल, अनुशासन और खेल भावना का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे अंडर-14 वर्ग में प्रथम मार्को विज़न स्कूल, द्वितीय पायनियर पब्लिक स्कूल देवास तथा तृतीय संदीपनी एकेडमी रहा। अंडर-17 वर्ग में प्रथम राव रुक्मणी स्कूल, द्वितीय मार्को विज़न एकेडमी स्कूल तथा तृतीय दीपक मेमोरियल एकेडमी रहा। अंडर-19 वर्ग में प्रथम शांति पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल, द्वितीय गवर्नमेंट सहोदया स्कूल तथा तृतीय क्लॉथ मार्केट विद्या मंदिर रहा। समापन समारोह में विजेता व उपविजेता टीमों को ट्रॉफी एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह में डॉ. नीरज सिंह, सहायक प्रोफेसर, खेल फिजियोथेरेपी विभाग, एमजीएम मेडिकल कॉलेज इंदौर एवं खेल समन्वयक, जे.सी. शर्मा, सेक्रेटरी एमपी कबड्डी एसोसिएशन एवं चीफ रेफरी तथा जय मीना, विक्रम अवार्डी एवं अंतरराष्ट्रीय सॉफ्ट टेनिस खिलाड़ी उपस्थित रहे। प्राचार्य श्रीमती हर्षलता शर्मा ने सभी टीमों, कोचों एवं निर्णायकों का आभार व्यक्त किया।


## देश में 12 को लगेगा सूर्य ग्रहण



**कांटाफोड़।** क्षेत्र के प्रसिद्धित ज्योतिष आचार्य ने कहा कि दिनांक 12 अगस्त 2026 दिन बुधवार को रात्रि 9 बजकर 04 मिनट से स्पर्श होकर मध्य रात्रि 11 बजकर 16 मिनट से लेकर रात्रि 1 बजकर 28 मिनट तक रहेगा। भाद्रपद कृष्ण पक्ष की हरियाली अमावस्या पर एक अत्यंत दुर्लभ और ऐतिहासिक पूर्ण सूर्य ग्रहण लगने जा रहा है जो खगोलीय दृष्टि से लगभग 100 साल के अंतराल के बाद दिन के समय पूर्ण अंधेरा जैसी स्थिति बना देगा। यह ग्रहण मुख्य रूप से उत्तरी अमेरिका यूरोप ग्रीनलैंड उत्तर-पश्चिम अफ्रीका तथा अटलांटिक और आर्कटिक महासागरीय क्षेत्रों में दिखाई देगा हालांकि भारतीय भूभाग में यह दिखाई नहीं देगा जिसके कारण इसका कोई भी धार्मिक सूतक काल यहाँ मान्य नहीं रहेगा और सभी शुभ कार्य बिना किसी रुकावट के पूरे किए जा सकेंगे। यद्यपि भारत में दिखाई न देने से इसका प्रत्यक्ष प्रभाव शून्य रहेगा लेकिन इसका राशिचक्र पर सूक्ष्म प्रभाव पड़ेगा जहाँ मेष मिथुन सिंह और तुला राशि के जातकों के लिए यह समय अत्यंत श्रेष्ठ और उन्नतिदायक सिद्ध होगा, वहीं वृषभ कन्या कुंभ तथा कर्क राशियों के लिए मध्यम फलदायी रहेगा इसके विपरीत वृश्चिक मीन धनु और मकर राशि वाले जातकों के लिए यह समय अशुभ रहने के कारण विशेष धैर्य सावधानी और ईश्वर-आराधना की अपेक्षा रखता है। यह जानकारी क्षेत्र के प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पंडित दीनदयाल जी शास्त्री राजस्थान वालों ने दी।

कालू भैया की 37वीं पुण्यतिथि पर आज लगेगा विशाल रक्तदान शिविर

## कालू भैया की पुण्यतिथि पर आज रक्तदान शिविर



**कांटाफोड़।** स्वर्गीय राजेन्द्र सिंह भाटिया 'कालू भैया' की 37वीं पुण्यतिथि के अवसर पर सुजान परिवार की ओर से श्रद्धांजलि एवं विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन सोमवार, 10 अगस्त को किया जाएगा। दी सुजान पब्लिक स्कूल, कांटाफोड़ में आयोजित होने वाला यह शिविर सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा। पुण्यतिथि को सेवा और मानवता के संकल्प से जोड़ते हुए आयोजित किए जा रहे इस शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त उपलब्ध कराने में सहयोग करना तथा आमजन में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। आयोजकों का कहना है कि रक्तदान किसी जरूरतमंद के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। सुजान परिवार ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर रक्तदान करने की अपील की है। परिवार की ओर से युवाओं और सामाजिक संगठनों से भी इस सेवा कार्य में सहभागी बनने का आग्रह किया गया है। आयोजकों के अनुसार, स्व. राजेन्द्र सिंह भाटिया 'कालू भैया' की स्मृति में सेवा कार्य के माध्यम से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करना ही इस आयोजन का उद्देश्य है। सुजान परिवार, कांटाफोड़-इंदौर-भोपाल द्वारा आयोजित इस शिविर को सफल बनाने के लिए तैयारियां की जा रही हैं।

## राज्यपाल गहलोत का किया सम्मान



**टोंकखुर्द।** पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष उमेश श्रीवास्तव के घर कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत पहुंचे। उन्होंने प्रशंसा जताते हुए कहा कि आपका पार्टी के लिए अच्छा कार्य देखने को मिला है। आप जैसे कार्यकर्ता की प्रशंसा करते हुए मुझे बड़ी खुशी होती है कि भारतीय जनता पार्टी में आप जैसे कर्मठ कार्यकर्ता हैं और पार्टी के लिए आप 24 घंटे अपनी सेवा देते आ रहे हैं। ऐसे कार्यकर्ता जो की एक छोटे से नगर से लेकर जिले तक और जिले से लेकर पूरी विधानसभा क्षेत्र का कार्य संभालते हैं। ऐसे कार्यकर्ताओं की हम प्रशंसा करते हैं इधर उमेश श्रीवास्तव ने कहा कि सामने तो एक छोटा सा कार्यकर्ता हूं।

# गुरु वंदन-छात्र अभिनंदन कार्यक्रम




**देवास।** भारतीय संस्कृति के अनुसार गुरु शिष्य परंपरा को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से गुरु वंदन छात्र अभिनंदन का कार्यक्रम विजयागंज मंडी के पास स्थित गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल में किया गया। कार्यक्रम का आरंभ मां सरस्वती एवं भारत माता के चित्र पर अतिथियों द्वारा माल्यार्पण करके किया गया। अतिथियों का स्वागत विद्यालय संचालक कीर्ति चव्हाण एवं स्कूल प्राचार्य ने किया। इस अवसर पर प्राचार्य आयुषी पोल का सम्मान डॉ मीना राव द्वारा उसके पश्चात भारतीय परंपरा के अनुसार 16 शिक्षकों का सम्मान छात्रों द्वारा तिलक लगाकर और श्रीफल भेंट कर किया गया और चरण स्पर्श करके अपने गुरुओं (शिक्षकों) का आशीर्वाद भी प्राप्त किया। साथ ही शिक्षा में श्रेष्ठ, कला, एवं खेलकूद में अच्छा प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों निशा चौधरी, राघव व्यास, प्रिंस हनोतिया, दृष्टि बेडवाल, यश पाटीदार, दनीषा शिंदे, लव पाटीदार यशवीना कुमावत, नैतिक सुनवानिया, काव्या मालवीया, ऋषिका पवार, नईम पटेल को मेडल देकर अभिनंदन किया गया। संयोजक डॉ कीर्ति चौहान ने बताया कि गुरुओं का सम्मान व विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करना भारतीय संस्कृति की परंपरा है। शाखा अध्यक्ष सुरेश डसानिया ने बताया की गुरु समाज का निर्माता है और शिष्य समाज का भविष्य है। वहीं परिषद सचिव हेमंत वर्मा ने सफलता के तीन मंत्र बताएं की खुद से वादा, मेहनत ज्यादा और पक्का इरादा, यदि हो तो विद्यार्थियों को सफल होने से कोई भी नहीं रोक सकता और कहा कि भारत विकास परिषद का यह प्रकल्प राष्ट्रभक्ति, संस्कार, एवं एक अच्छे नागरिक बने की प्रेरणा प्रदान करता है। परिषद सदस्य निर्मला डसानिया, विक्रम आपटे, वृषाली आपटे ,अजय पंडित, सुषमा पंडित, रीता जाधव, सारिका मुकाती, दिनेश कुमार बावने ,गोपाल पंडित उपस्थित थे।

## अष्टधातु से निर्मित भगवान भोलेनाथ निकलते हैं प्रजा का हाल जानने...

**बागली।** बागली नगर में प्रत्येक वर्ष के सावन के महीने में प्रति सोमवार भगवान भोलेनाथ प्रजा का हाल-चाल जानने के लिए निकलते हैं। पुरानी परंपरा अनुसार पूर्व दिवंगत प्रकांड पंडित अंबुजी महाराज द्वारा विधि विधानसे बनवाई गई अष्टधातु से निर्मित भगवान भोलेनाथ के मुखौटे का श्रृंगार करके सवारी के रूप में निकाला जाता है । भगवान शंकर जी के प्रतीक इस मुखोटे को डोली के रूप में सजाकर शंखनाद एवं ढोल धमाके के साथ नगर के प्रमुख मार्ग से निकाला जाता है ।यह परंपरा आजादी पर्व के साथ ही आरंभ हो गई थी। राज परिवार द्वारा स्थापित तालाब की पाल पर यह शंकर मंदिर लगभग 80 वर्ष पुराना है।

# देवास में भव्य तिरंगा यात्रा-देशभक्ति के रंग में रंगा शहर



**देवास।** राजमाता गायत्री राजे पवार विधायक, देवास के नेतृत्व में शहर में एक विशाल एवं भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें नगर वासियों ने राष्ट्रभक्ति और अपार उत्साह के साथ बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

रैली में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष डॉ. राय सिंह सेंधव, वरिष्ठ भाजपा नेता गणेश पटेल, जितेंद्र सिसोदिया सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता शामिल रहे। यात्रा के लालगेट चौराहा पहुंचने पर अपना ग्रुप की ओर से शकील अपना एवं उनके साथियों द्वारा रैली का जोरदार व आत्मीय स्वागत किया गया। इस दौरान नेताओं एवं कार्यकर्ताओं का पुष्प वर्षा कर और पुष्पमालाएं पहनाकर अभिनंदन किया गया। मिठाई खिलाकर सभी का मुंह मीठा कराया गया। स्वागत कार्यक्रम में अपना ग्रुप के हारून नागौरी, हकीम भाई, साजिद भाई, जहीर भाई, विकास जी सहित सैकड़ों की संख्या में साथी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों, कार्यकर्ताओं एवं नगरजनों का आभार सलीम अपना द्वारा व्यक्त किया गया।

## आदिवासी दिवस पर सर्वबलाई समाज ने वितरित किया केले का महाप्रसादी



**देवास।** विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में सर्व आदिवासी समाज द्वारा भोपाल चौराहा से जवाहर चौक तक विशाल चल समारोह निकाला गया। जवाहर चौक पर सर्वबलाई समाज समिति द्वारा चल समारोह में शामिल महिला, बच्चों एवं अन्य लोगों को केले का महाप्रसाद तथा पानी के पाउच वितरित किए गए। इस दौरान ग्राम पंचायत मेडकी धाकड़ के आदिवासी सरपंच हेमराज ओसारी का स्वागत कर उन्हें दुपट्टा पहनाया गया और संविधान की लघु प्रति भेंट की गई। समाजजनों ने उन्हें अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों की जानकारी के लिए संविधान का अध्ययन करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में सर्वबलाई समाज अध्यक्ष मनीष सोलंकी, कोषाध्यक्ष आत्माराम परिहार, संयोजक हेमराज परमार, इंद्र सिंह राठौर, दिनेश परमार, अरुण कश्यप, विक्रम सिंह यादव, दिलीप सोलंकी, कांतिलाल सोलंकी, अशोक मालवीय, संदीप परमार, छोटू सिंह गुर्जर, विक्रम सिंह अमलावतिया, कुन्दन मालवीय सहित समाज के प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे।


# विश्व आदिवासी दिवस पर देवास में भव्य सांस्कृतिक रैली और कार्यक्रम




**देवास।** 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर देवास शहर में एक भव्य एवं रंगारंग सांस्कृतिक रैली तथा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महेश रावत ने की। कार्यक्रम में मोहन रावत, सतीश उइके, कमल सिंह सिसोदिया, सुमेर सिंह धुर्वे, सुखदेव भगवत, राधेश्याम वेगन, गोविंद इवने, प्रताप आईके, प्रीतम बामनिया, अनिल बरला, अर्जुन बरला सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता व अन्य उपस्थित रहे।

कालू खेड़ी से संदीप जीनात, शुक्रवासा टीम से देवराज रावत एवं शुभम चौहान, हीरापुर ग्राम रेवाड़ी से बबलू, शिप्रा टीम से राहुल यादव एवं विशाल रावत तथा अवतपूरा से लखन नागदा, सचिन, गंगाधर कलम, विजय सिंह कलम,मनोहर कछवाय,मोहन सिंह कर्मा एवं अन्य सगे-संबंधी जन भी इस अवसर पर सम्मिलित हुए। विभिन्न जिलों से आई सांस्कृतिक टीमों ने अपनी रीति-रिवाजों, परंपराओं एवं संस्कृति का जीवंत प्रदर्शन किया। लगभग 3000 लोगों ने रैली में उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने पारंपरिक वेशभूषा में सड़कों पर मार्च किया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य, नशा मुक्ति और शराबबंदी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष सत्र आयोजित किए गए। उपस्थित जनसमुदाय ने शराबबंदी के लिए सामूहिक शपथ ग्रहण की। इस अवसर पर तिरंगा यात्रा भी निकाली गई, जिसमें प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय ध्वज के साथ देशभक्ति का प्रदर्शन किया। आयोजकों ने कहा कि विश्व आदिवासी दिवस का उद्देश्य आदिवासी समुदायों की संस्कृति, पहचान और अधिकारों को सम्मान देना तथा सामाजिक जागरूकता फैलाना है। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों की टीमों ने अपनी परंपराओं को साझा किया, जिससे कार्यक्रम और भी आकर्षक बन गया। आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों, सांस्कृतिक टीमों और सहयोगियों का आभार माना। कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से आदिवासी समुदाय की एकता प्रदर्शित होती है।

# धूमधाम से मनाया अजा जिलाध्यक्ष कांग्रेस विजय परमार का जन्मदिन



**देवास।** सोनकच्छ के निजी गार्डन में जिला अध्यक्ष विजय परमार का जन्मदिन बड़ी धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में उनके चाहने वाले, शुभचिंतक एवं कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित हुए। साथ ही जगह-जगह आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया और विजय परमार को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ एवं बधाई दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री, मध्यप्रदेश शासन सज्जन सिंह वर्मा रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथिगण एवं वरिष्ठ कांग्रेसजनों के रूप में मनोज राजानी , प्रदेश उपाध्यक्ष कांग्रेस; ठाकुर दिगपाल सिंह , जामगोद साब; विश्वजीत चौहान एवं जगदीश चौहान, जिला अध्यक्ष किसान कांग्रेस; महिला कॉंग्रेस जिला अध्यक्ष श्रुति सिंह बघेल ठाकुर सोदानसिंह पंवार, ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र सिंह लौंवदं जंसवक जिला पंचायत सदस्य; मनोहर सिंह सेंधव , महामंत्री; अजय जैन, नगर अध्यक्ष सोनकच्छ सहित सुरेंद्र गौतम , कप्तान जी, मुक्ति कुरेशी, लाठी साहब, रोटरी क्लब के मनोहर, शोएब खान, अजय मालवीय शैलेंद्र टोंगिया, चेतन ढोलपुरे, बलवान कुशवाह, राज फागवा, राहुल ठाकुर, सुरेंद्र भाटी, विक्रम बामनिया, राहुल गोरवा, पोलाया, आयुष्मान ठाकुर,सोहन बडवाया, सुनील बडवाया, सोहन ठाकुर, हितेश बामनिया, दिलीप नागर, जितेंद्र नागर, राजाराम परमार, संत शिरोमणि भीखा जी महाराज समस्त टीम राधेश्याम चौधरी, बलवान पटेल, अली हुसैन पटेल, रघुनंदन ठाकुर, अनिलं , अखिलेश मालवीय सहित कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ एवं युवा साथी उपस्थित हुए।



## भौरासा के शक्ति माता मंदिर प्रांगण में किया पौधारोपण

**भौरासा।** नगर परिषद भौरासा के अंतर्गत शक्ति माता मंदिर पर एक पोधा मां के नाम - हरित महा अभियान वर्ष 2026-27 अंतर्गत पौधारोपण का कार्यक्रम किया गया।

यहां पर नगरी प्रशासन एवं आवास विभाग के जिला परियोजना अधिकारी एवं भौरासा बाबा भंवरनाथ मंडल अध्यक्ष अनिल चावड़ा, मंडल महामंत्री राम चरण धाकड़,मंडल महामंत्री कैलाश यादव,नगर परिषद अध्यक्ष संजय कुमार जोशी, नगर परिषद उपाध्यक्ष जयसिंह राणा,नगर परिषद सीएमओ प्रमिला ठाकुर, पार्षद राजेंद्र यादव, एल्डरमैन मुकेश कुमावत, राजेश लोधी व श्रीमती जयश्री शर्मा के द्वारा पौधा रोपण किया गया जहां पर पूरे नगर में 2000 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है जिसके अंतर्गत प्रतिदिन पौधे नगर में लगाए जा रहे हैं।

## अंतरराष्ट्रीय कैट दिवस पर 200 से अधिक कैट्स और डॉग्स का नि:शुल्क एंटी-रेबीज वैक्सीनेशन




**देवास।** अंतरराष्ट्रीय कैट दिवस के अवसर पर यूनिक पेट शॉप, कालानी बाग, देवास में नि:शुल्क एंटी-रेबीज़ वैक्सीनेशन कैंप का सफल आयोजन किया गया। शिविर में 200 से अधिक कैट्स एवं डॉग्स का नि:शुल्क एंटी-रेबीज़ टीकाकरण किया गया। यूनिक पेट शॉप के संचालक अनिक शेख ने बताया कि शिविर में सभी पालतू पशुओं को नि:शुल्क एंटी-रेबीज़ वैक्सीनेशन के साथ विशेषज्ञ पशु चिकित्सक द्वारा फ्री हेल्थ चेकअप, फ्री पेट फूड, फ्री ट्रीट तथा अन्य आकर्षक गतिविधियों का भी लाभ प्रदान किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में पेट पैरेंट्स ने अपने पालतू पशुओं के साथ भाग लेकर इस पहल का लाभ उठाया। उपस्थित लोगों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए इसे पशु स्वास्थ्य एवं जनजागरूकता की दिशा में सराहनीय पहल बताया।

एक नजर | खेड़ापति हनुमान मंदिर तालाब परिसर में चल रहा है आयोजन

# भागवत कथा में श्रद्धालुओं ने भजनों के साथ मनाया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव



**कन्नौद।** नगर स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर तालाब पर स्थानीय अष्ट सखी महिला मण्डल नरसिंह मंदिर तालाब एव नागरिकों के जन सहयोग से श्रीमद् भागवत कथा चल रही है। कथा के चतुर्थ दिवस पर बताया कि आज किसी को भी फुरसत नहीं है जो आज के समय में पुरातन में है वही व्यक्ति सबसे ज़्यादा व्यस्त है द्य आज संसार में सबसे बड़ा भगवान का नाम ही है। जिसका स्मरण करने मात्र से हमारा जीवन सफल हो जावेगा जीवन में मति और गति अच्छी होना चाहिये।

इस कलियुग में मात्र भगवान का नाम ही मानव जीवन को धन्य कर देता हैं द्य ऐसा कोई स्थान नहीं है जहाँ पर भगवान नहीं हे कोई भी धार्मिक कार्य में अगर हम आगे हाथ नहीं बढ़ा सकते तो फिर व्यवधान भी उत्पन्न नहीं करना चाहिए द्य भारी संख्या मे श्रद्धालुओं व महिलाओं ने अपनी उपस्थिति देते हुये भगवान कृष्ण का जन्म उत्सव मनाया कथा वाचक पंडित राजेश जी तिवारी के द्वारा भजन प्रस्तुत किये जिसे सुनकर व्यास पीठ के समक्ष मौजूद श्रद्धालुओं ने झूम कर नृत्य किया और उत्साह के साथ कृष्ण जन्मोत्सव मनाया साथ ही कथा में पधारे पंडित मनमोहन जी शास्त्री, संदीप जी शर्मा का आयोजक मण्डल की ओर से शाल श्रीफल से ब्रजमोहन ओझा ने सम्मान किया। आयोजक अष्ट सखी महिला मण्डल द्वारा धर्मप्रेमी सज्जनों से उपस्थित होकर कथा श्रवण कर पुण्य लाभ लेने का आह्वान किया जा रहा है।